Press Release

<u>राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार - अहमदाबाद, गुजरात में महिला जन सुनवाई का आयोजन</u>

राष्ट्रीय महिला आयोग प्रत्येक महिला के सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके विषयों को जमीनी स्तर पर संबोधित करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए, आयोग "राष्ट्रीय महिला आयोग- आपके द्वार" महिला जन सुनवाई का आयोजन कर रहा है। इस जन सुनवाई का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित लंबित मामलों का समाधान करना तथा यथासंभव सभी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करना है।

यह जन सुनवाई 03 जुलाई, 2025 को दोपहर 12:00 बजे से अहमदाबाद में स्थित स्टेट गेस्ट हाउस के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की जाएगी, जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग की माननीया अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर उपस्थित रहेंगी। राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित इन दोनों जन सुनवाई में संबन्धित जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारिगण भी सक्रिय रूप से भाग लेंगे, जिससे महिलाओं से संबंधित मुद्दों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान श्रीमती विजया रहाटकर गुजरात के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एवं राज्य के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मिलकर, राज्य मे महिलाओं से संबन्धित अपराध व उनके निस्तारण पर बात करेंगी। श्रीमती विजया रहाटकर अहमदाबाद जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बैठक करेंगी। इस कार्यक्रम के अभिन्न अंग के रूप में PoSH अधिनियम के अंतर्गत स्थानीय समिति (LC) के सदस्यों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। आयोग द्वारा भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (EDII) में महिलायें अधिक से

अधिक उद्यमी बनें, वे न सिर्फ अपने लिए रोजगार अर्जित करें, साथ ही दूसरे लोगों को भी रोजगार दें, इस दिशा मे एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
संविधान सभा की महिला सदस्य श्रीमती हंसा मेहता जी की जयंती के अवसर पर माननीय अध्यक्षा श्रीमती विजया रहाटकर श्रीमती हंसा मेहता जी को नमन करते हुए उन पर अपने विचार साझा करेंगी।

हाल ही में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा महिलाओं को डिजिटल रूप से सशक्त करने हेतु YASHODA AI कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था, इस कार्यक्रम के माध्यम से देश भर की महिलाओं को आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस का ज्ञान दिया जाएगा। YASHODA AI कार्यक्रम के अंतर्गत अहमदाबाद मे महिलाओं के लिए प्रशिक्षण सत्र का भी आयोजन किया जाएगा।

राष्ट्रीय महिला आयोग अहमदाबाद और आसपास के सभी शहरों की महिलाओं से यह आग्रह करता है कि यदि वे किसी भी प्रकार की समस्या से पीड़ित हैं तो इस जन सुनवाई में भाग लेकर अपनी समस्या आयोग तक पहुचाएँ। प्रत्येक महिला को त्वरित न्याय मिले इसी उद्देश्य के साथ आयोग आपकी प्रत्येक समस्या के समाधान को खोजने के लिए प्रयासरत रहेगा। सुनवाई मे भाग लेने से संबन्धित किसी भी जानकारी हेतु 7011972862 पर संपर्क किया जा सकता है।